वार्षिक प्रतिवेदन

2011-12

(हिन्दी पाठ)

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक
प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान
चेन्नई - ६०० ११३

निदेशक की तरफ से

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई - रा.त.शि.प्र.अ.सं. चेन्नई वर्ष २०११-१२ के लिए वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में संस्थान के विभिन्न कार्यकलापों के जरिए तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता की तलाश में संस्थान के सामूहिक प्रयास पर प्रबंध प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ। हमारे संकाय सदस्यों के समर्पित सेवा से तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण (पॉलिटेकनीक और इंजीनियरिंग कालेज) अनुसंधान, पाठ्यचर्या विकास, समुद्रपार प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अन्य विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धि को यह प्रतिवेदन प्रतिबिंबित करता है। इस रिपोर्ट में संस्थान का भविष्य निरूपण, मिशन एवं लक्ष्य और उसके प्रकार्य, राज्य, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के निकायों से समन्वय और विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं के अद्यीन संस्थान द्वारा लिए गए कार्यकलापों का भी समावेश है।

हम सदा उन प्रोद्योगिकी विकासों का लाभ उठाने का प्रयत्न करते हैं जो हमारे प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और राष्ट्र भर के हमारे शिक्षकों को सुगम्य बना सके। हम स्वीकार करते हैं कि सभी संकाय सदस्यों के लिए प्रोद्योगिकी विश्वसनीय रूप से सुगम नहीं हो सकती। अत: हम अद्यतन प्रोद्योगिकी विकासों का अपने प्रशिक्षण में समावेश करने और उसे किसी को अगम्य और असमर्थ न होने के प्रति सावधान रहते हैं। प्रयोगशाला और अनुदेशात्मक सुविधाओं में सतत सुधार प्रतिभागियों को लाभप्रद अधिगम अनुभव को सुनिश्चित करते हैं और सजावट द्वारा पर्यावरण में परिवर्तन अधिक सुखद अधिगम अनुभव प्रदान करता है।

२०११-१२ का यह वर्ष विस्तार और विकास का काल रहा। इस वर्ष के दौरान

- *उद्योगों से तकनीकी ३५६४ शिक्षकों और कार्मिकों का प्रशिक्षण*
- *८ समुद्रपार शिक्षक पाठ्यक्रमों के माध्यम से ४५ देशों से १३२ शिक्षकों, नीति विर्माताओं और शिक्षा प्रशासकों का प्रशिक्षण*
- *५८ उम्मीदवार डॉक्टोरल और मास्टर्स कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।*
- *राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत ७६ ट्रेडों की पाठ्यचर्याओं का विकास किया*
- *१५६ अनुदेशात्मक संसाधनों का विकास (मुद्रणटाइप सामग्रियाँ, वीडियो और ई-लर्निंग सामग्रियाँ)*
- *पाँच करोड़ रुपयों की १८ अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ चलाना*

यद्यपि सारी दुनिया में कई हजारों व्यक्तियों की आवश्यकताएँ हम पूरी करते हैं, सबसे अधिक संतोष तब होता है जब हमारे संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तिगत संकाय सदस्यों से उनकी राय सुनते हैं। वे चर्चाओं में भाग लेते हैं और हमारे संकाय सदस्यों को ई-मेल भेजते हैं। आपके अमूल्य समर्थन से हम अपने भावी कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्धता और विस्तृत भविष्य निरूपण तैयार करते हैं। यह आशा की जाती है कि पॉलिटेक्नीक / इंजीनियरिंग संस्थाओ के संकाय और प्रबंधन कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अधिक संख्या में आगे आगे में और तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के हमारे सामान्य प्रयास से अधिकतम लाभ उठाएँगे।

संस्थान ने शासक मंडल के अध्यक्ष डॉ. एस.आर.के. प्रसाद, शासक मंडल के अन्य श्रेष्ठ सदस्यों और साथ ही भरत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सचिव, अपर सचिव, निदेशक, उप शिक्षा सलाहकार तथा अन्य अधिकारियों से अनवरत अभिप्रेरण प्राप्त किया है। मैं इस अवसर पर उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। इस वर्ष के दौरान प्रभावी शिक्षण के लिए तकनीकी शिक्षकों को तकनीकी शिक्षण के माध्यम से सिद्धहस्त बनाकर तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता की हमारी खोज में जिन्होंने हमें प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया उन सभी को मैं धन्यवाद अर्पित करता हूँ। मैं आशा करता हूँ और आश्वासन देता हूँ कि आनेवाले वर्षों में संस्थान उच्चतर स्तर की उपलब्धियाँ प्राप्त करता रहेगा।

प्रो.डॉ.एस. मोहन
निदेशक

विषय वस्तु सारणी

भाग - I

कार्यकलाप रिपोर्ट

1.0 प्रस्तावना 1

2.0 लक्ष्य 2

3.0 २०११-१२ के दौरान कार्यकलापों का केन्द्र बिन्दु 3

4.0 संकाय विकास कार्यक्रम 5

4.1 दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम: 6

अ) डाक्टर की उपाधि संबंधी अनुसंधान कार्यक्रम: 6

आ) एम.टेक (मा.सं.वि.) कार्यक्रम: 7

इ) समुद्रपार प्रशिक्षणार्थी पाठ्यक्रम: 7

4.2 अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम: 13

अ) पॉलिटेक्नीक कॉलेज कार्यक्रम 13

आ) इंजीनियरिंग कॉलेज कार्यक्रम 19

4.3 उद्योग और अन्य संगठन कार्यक्रम 20

4.4 समझौता ज्ञापन 21

4.5 संचालित अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय संगोष्ठी / कार्यशाला 21

5.0 अनुदेशात्मक सामग्री विकास 28

6.0 अनुदेशात्मक मीडिया विकास 29

7.0 अनुसंधान तथा विकास और विस्तार एवं परामर्श सेवाएँ: 30

8.0 राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम 32

9.0 पालिटेकनिक के जरिए समुदाय विकास योजना 34

10.0 अपंग व्यक्तियों को तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा की मुख्य धारा में संयोजित करना 35

11.0 आभासी रा.त.शि.प्र.अ.सं.: 37

12.0 अंत: संरचना सुविधाओं का विकास 39

13.0 ई-गवर्नन्स परियोजना का कार्यान्वयन 39

14.0 हिन्दी भाषा के प्रयोग का कार्यान्वयन 40

15.0 अंत: रा.त.शि.प्र.अ.सं. खेल प्रतियोगिता 41

16.0 संकाय समाचार 43

17.0 आभार प्रदर्शन 47

18.0 शासक मंडल 47

भाग - II

लेखो पर रिपोर्ट

1.	भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की लेखा परीक्षा रिपोर्ट	61
2.	वार्षिक लेखा	65
	३१.०३.२०१२ को तुलनपत्र	66
	३१.०३.२०१२ को समाप्त वर्ष के लिए आय-व्यय लेखा	67
	३१.०३.२०१२ को समाप्त अवधि/वर्ष का प्राप्तियाँ और अदायगी लेखा	68
	अनुसूची - १ (आधार भूत / पूँजी निधि)	71
	अनुसूची - ३ (उद्दिष्ट / धर्मस्व निधियाँ)	72
	अनुसूची - ७ (चालू देयताएँ और प्रावधान)	73
	अनुसूची - ८ (अचल आस्तियाँ)	74
	अनुसूची - ११ (चालू आस्तियाँ, ऋण और अग्रिम)	75
	अनुसूची - १२-१८ (आय)	77
	अनुसूची - २०-२२ (व्यय)	79
	समुद्रपार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (ओ टी सी) ३१.०३.२०१२ को तुलन पत्र	81
	समुद्रपार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (ओ टी सी) ३१.०३.२०१२ को समाप्त होनेवाले वर्ष के लिए आय-व्यय लेखा	82
	समुद्रपार प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (ओ टी सी) ३१.०३.२०१२ को समाप्त होनेवाले वर्ष का प्राप्तियाँ और अदायगी लेखा	83
	परियोजना लेखा - ३१.०३.२०१२ को समाप्त होनेवाले वर्ष के लिए तुलन पत्र	84
	परियोजना लेखा - ३१.०३.२०१२ को समाप्त होनेवाले वर्ष के लिए प्राप्तियाँ और अदायगी लेखा	86
	परियोजना लेखा - ३१.०३.२०१२ को समाप्त होनेवाले वर्ष के लिए आय-व्यय लेखा	87
	अनुसूची - २५ (लेखे पर टिप्पणी - २०११-१२)	88
	उपयोग प्रमाण पत्र (गैर-योजना)	89
	उपयोग प्रमाण पत्र (योजना) - सामान्य	90
	उपयोग प्रमाण पत्र (योजना) - पूँजीगत आस्तियाँ	91
3.	भविष्य निधि लेखा	92
	भविष्य निधि लेखा - ३१.०३.२०१२ को तुलन पत्र	93
	भविष्य निधि लेखा - ३१.०३.२०१२ को समाप्त आय-व्यय लेखा	94
	भविष्य निधि लेखा - ३१.०३.२०१२ को समाप्त प्राप्तियाँ और अदायगी लेखा	95

रा.त.शि.प्र.अ.सं. चेन्नई सोसाइटी और शासक मंडल

अध्यक्ष

डॉ. एस.आर.के. प्रसाद
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
कृष्ण औद्योगिक निगम लि.,
आर/ओ ८, ९, १० राजेश्वरी नगर,
सौरीपालयम,
कोयम्बत्तूर - ६४१ ०२८

सदस्य-सचिव

प्रो. डॉ. एस. मोहन
निदेशक
राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान
तरमणि, चेन्नई - ६०० ११३

सदस्य

भारत सरकार के शिक्षा तथा वित्त विभागों से मनोनीत प्रतिनिधि	**संयुक्त सचिव (टी ई एल)** उच्च शिक्षा विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार शास्त्री भवन, नई दिल्ली - ११० ००१
	वित्त सलाहकार (म.सं.वि.) एकीकृत वित्त प्रभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार शास्त्री भवन, नई दिल्ली - ११० ००१
तकनीकी शिक्षा के पाँच निदेशक	१. **तकनीकी शिक्षा आयुक्त** तकनीकी शिक्षा निदेशालय तमिलनाडु राज्य सरकार चेन्नै - ६०० ०२५

२. **निदेशक**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय
कर्नाटक राज्य सरकार
पेलस रोड, बैंगलूर - ५६० ००१

३. **निदेशक**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय
केरल राज्य सरकार
त्रिवेन्द्रम, केरल - ६९५ ०२३

४. **निदेशक**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय
डॉ. जीवराज मेहता भवन
ब्लॉक सं.२, II तल,
गाँधीनगर ३८२ ०१० - गुजरात राज्य

५. **निदेशक**
तकनीकी शिक्षा निदेशालय
डी टी ई भवन आल्टो, पोर्वोरिम
बरडेज़, गोवा - ४०३ ५२१

अ.भा.त.शि.प. का प्रतिनिधि

डॉ. कुंचेरिया पी. आइसक
सदस्य सचिव
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद
७वाँ तल, चंदरलोक बिल्डिंग,
जनपथ, नई दिल्ली - ११० ००१

मा.सं.वि.मं. द्वारा नामित दो उद्योगपति / तकनीकी पेशेवर

उद्योगपति	अभी भरना है
तकनीकी पेशेवर	अभी भरना है
संकाय प्रतिनिधि	**डॉ. वी.के. नटराजन** (०६.११.२०११ तक) प्रोफेसर और प्रधान संधारणीय विकास केंद्र रा.त.शि.प्र.अ.सं. चेन्नै
	डॉ. सी. आर. नागेन्द्र राव (०७.११.२०११ से) प्रोफेसर और प्रधान रा.त.शि.प्र.अ.सं. विस्तार केन्द्र, हैदराबाद

1.0 प्रस्तावना

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (रा.त.शि.प्र.अ.सं.) चेन्नै भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्वायत्त संस्थान के रूप में सन् १९६४ में स्थापित किया गया ताकि भारत में विशेषकर दक्षिण क्षेत्र में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टी वी ई टी) प्रणाली की गुणता में सुधार हो। इस अधिदेश को ध्यान मे रखते हुए संस्थान समुचित विधि द्वारा आवश्यकता आधारित मानव संसाधन विकास कार्यक्रम प्रदान करने की और पाठ्यचर्या और अनुदेशात्मक संसाधन विकसित करने की पहल कर रहा है। वह इंजीनियरिंग शिक्षा के अंतर्विषयी क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन भी देता है और इंजीनियरिंग कालेजों, पॉलिटेकनिकों, व्यावसायिक संस्थाओं, उद्योग सेवा क्षेत्र और व्यापक रूप से समुदाय के संपूर्ण विकास के लिए परामर्श एवं विस्तार सेवा प्रदान करता है।

उक्त अधिदेश के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा में रुचि रखनेवाले और या लाभान्वित होनेवाले राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों अभिकरणों को सहयोग देता है।

भविष्य दृष्टि

रा.त.शि.प्र.अ.सं. चेन्नै का भावी दृष्टिकोण यह है कि तकनीकी शिक्षा संस्थाओं, उद्योग और समुदाय के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिगम संसाधनों, अनुसंधानात्मक अध्ययनों और विस्तार सेवाओं की योजना, अभिकल्पना, विकास कार्यान्वयन एवं मूल्यांकन द्वारा तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण (टी वी ई टी) की श्रेष्ठता वर्धन में अग्रणी संस्थान के रूप में रहे।

हमारा लघु भविष्य दृष्टि कथन:

"तकनीकी शिक्षा में श्रेष्ठता को बढ़ावा देना"

मिशन

रा.त.शि.प्र.अ.सं. चेन्नै भारत में, खासकर दक्षिण क्षेत्र में तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (टी वी ई टी) के गुणसुधार के लिए भारत सरकार द्वारा स्थापित एक संसाधन संगठन है।

मिशन के निम्नलिखित अंश हैं जिनके लिए संस्थान प्रतिबद्ध है:

- विभिन्न विधाओं में, जिनमें वेब आधारित विधा भी शामिल है, तकनीकी शिक्षकों के लिए उच्च गुणवत्ता, लचीला, सुसंगत तथा लागत प्रभावी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना।
- उद्योग और समुदाय की परिवर्तनशील आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गतिशील, अग्रगण्य कार्यक्रम चलाकर नेतृत्व का प्रदर्शन करना।
- तकनीकी शिक्षकों को प्रभावशाली व सक्षम सेवा प्रदान करने के लिए मानित विश्वविद्यालय के रूप में विकसित होना।
- इंजीनियरिंग और शिक्षा की समस्याओं को अनुसंधान और विस्तार कार्यकलापों सुलझाने में सहायता देना।
- देश में तकनीकी शिक्षा के विकास के लिए कटिबद्ध उद्योग प्रांतीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और अन्य अभिकरणों के साथ सहयोग स्थापित करना और पोषण करना।

आभ्यांतरिक मूल्य

शिक्षकों और परिणामस्वरूप छात्रों को हमारी सेवा के आभ्यंतरिक मूल्य के शीर्षक निम्न प्रकार है।

- गुणवत्ता
- टीम कार्य
- अनवरत अधिगम के लिए कर्मचारी विकास
- खुलापन और पारदर्शिता
- ग्राहक फोकस
- सामाजिक उत्तरदायित्व

2.0 लक्ष्य

संस्थान के लक्ष्य निम्नांकित है:

- ✓ सेवार्थी प्रणाली के अनुसार क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर इंजीनियरिंग कालेजों, पॉलिटेक्नीको व्यावसायिक और प्रबंधन शिक्षा संस्थाओं सहित सभी संस्थाओं का समावेश करते हुए शिक्षकों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करना।
- ✓ सहकारी शिक्षा योजना द्वारा तकनीकी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का प्रबंध करना।
- ✓ तकनीकी शिक्षा प्रशिक्षण प्रणाली तथा उसके प्रबंधन के विकास के लिए अनुसंधान जानकारी प्रदान करने हेतु क्रमबद्ध अनुसंधान कार्य करना।
- ✓ तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में शिक्षण व अध्ययन के पर्यावरण को सुधारने के लिए नवीन नवप्रवर्तित पद्धति, प्रक्रिया तथा अभ्यासों के विकास पर अनुसंधान कार्य करना और मार्गदर्शन करना।

- ✓ बहुमाध्यमिक अध्ययन सामग्री के उत्पादन के लिए नयी अनुदेशात्मक प्रणाली तथा संरचनात्मक विधान बनाना।
- ✓ शैक्षिक व्यावसायिक संस्थाओं तथा अन्य संगठनों के लिए पाठ्यपुस्तकें, प्रयोगशाला पुस्तिका, वीडियो कार्यक्रम, कंप्यूटर पर आधारित प्रशिक्षण तथा मल्टीमीडिया पेकेजों का विकास तथा प्रसार।
- ✓ तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा के शिक्षकों के लिए दूरस्थ शिक्षा द्वारा अत्याधुनिक प्रोद्योगिकी का प्रयोग कर कार्यक्रम प्रदान करना।
- ✓ तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा के शिक्षकों को विशेषकर सार्क व आशियान देशों की मांग के लिए उपयुक्त कार्यक्रम व पाठ्यक्रम प्रदान करना।
- ✓ फेलोशिप, छात्रवृत्ति, पुरस्कार तथा पदक देने की व्यवस्था करना।
- ✓ समुदाय एवं उद्योग को सतत व अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन करने और विस्तार एवं परामर्श सेवा प्रदान करने के लिए सहयोग देना।
- ✓ उद्योग तकनीकी संस्थाओं / संगठनों के लिए परामर्श और विस्तार कार्य करना।
- ✓ प्रत्येक राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भारत सरकार के अनुमोदन से विभिन्न राज्यों में संस्थान के विस्तार केंद्रों की स्थापना करना।
- ✓ तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली से संबंधित भारत सरकार की सेवाओ का मानव संसाधान विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समय समय पर सौंपे गए कार्यों की समर्थित सेवा प्रदान करना।
- ✓ पूर्णत: या अंशत: संस्था के समान उद्देश्य वाले विश्व के किसी भाग के शैक्षिक या अन्य शैक्षिक संस्थओं को परस्पर शिक्षकों का विनिमय तथा उनके सामान्य उद्देश्य के लिए सहायक अन्य आवश्यक कार्यक्रमों व सेवाओं का आयोजन।

3.0 २०११-२०१२ के दौरान कार्यकलापों का केंद्रबिंदु

एक गतिशील संस्थान के रूप में अपने कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों को अति विनिर्दिष्ट रुप से समय समय पर पुन: अभिमुख किया जाता है जिससे सेवार्थी तंत्रों की बदलती मांगों की पूर्ति अग्रगामी रूप से की जा सके। २०११-२०१२ के दौरान संस्थान ने कार्यक्रमों, परियोजनाओं और कार्यकलापों को निम्नलिखित पाँच प्रमुख क्षेत्रों के अधीन ग्रहण किया है। यथा (i) संकाय विकास, (ii) पाठ्यचर्या परिवर्धन, (iii) अनुदेशात्मक संसाधन विकास, (iv) अनुसंधान व विकास, (v) विस्तार व परामर्श सेवाएं।

सन् २०११-२०१२ में निम्नलिखित कार्यकलापों पर संस्थान ने ध्यान केन्द्रीकृत किया:

१. इंजीनियरिंग कालेजों, पॉलिटेकनिकों और उद्योग के कार्मिको और पेशेवारों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, अनुप्रयुक्त विज्ञान, अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी, शैक्षिक प्रौद्योगिकी, प्रत्यायन व्यूहात्मक योजना, शैक्षिक प्रबंधन, संस्थागत विकास, मानव संसाधन विकास, पाठ्यचर्या विकास और उद्यमवृत्ति विकास जैसे क्षेत्रों में अल्पावधि पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण देना।

२. उद्योगों से शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए संगोष्ठियाँ चलाना।

३. इंजीनियरी कालेजों, पॉलिटेकनिकों के शिक्षकों और उद्योग के कार्मिकों को अंत: शास्त्रीय अनुसंधान कार्यों द्वारा अनुसंधान क्षमता बढ़ाना जिससे उनको पी एच डी उपाधि मिले।

४. एम.टेक. (मा सं वि) जैसे दीर्धकालीन कार्यक्रमों द्वारा इंजीनियरींग कालेजों, पॉलिटेकनिकों और अन्य संस्थाओं के शिक्षकों को प्रशिक्षण देना।

५. विदेशी प्रतिभागियों को विशेष रूप से अभिकल्पित कार्यक्रमों द्वारा विशेषज्ञ मत प्रदान करना।

६. प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रमों का विकास और वर्तमान के पाठ्यक्रमों का पुनरीक्षण।

७. पॉलिटकेनीक और इंजीनियरिंग कॉलेज की पाठ्यचर्या के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण संसाधनों (सामग्री व माध्यम) का विकास।

८. तकनीकी शिक्षा प्रणाली के लिए संगत अनुसंधान व विकास परियोजनाओं का उत्तरदायित्व लेना।

९. तकनीकी शिक्षको और उद्योग के पेशेवरों के प्रशिक्षण के किए यथार्थ अधिगम कार्यक्रम विकसित करना और प्रदान करना।

१०. व्यावसायिक वृत्ति में चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षमताएँ बढ़ाने हेतु इंजीनियरी के स्नातकों और पॉलिटेकनिक और इंजीनियरिंग कालेजों के युवक और नव शिक्षकों के लिए परिष्करण कक्षाएँ चलाना।

११. निम्नलिखित योजनाओं / परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और परिवीक्षण के लिए विस्तार व परामर्श सेवायें प्रदान करना।

अ. पॉलिटेकनिक के जरिए सामुदायिक विकास योजना

आ. विकलांगों के लिए परियोजना

इ. राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन

ई. आई सी टी के माध्यम से शिक्षा पर राष्ट्रीय मिशन

उ. शिक्षकों और शिक्षण पर राष्ट्रीय मिशन

ऊ. प्रत्यायन और नए पालिटेकनीकों के अनुमोदन को सुकर बनाने के लिए विशेषज्ञ समिति का निरीक्षण

ऋ. इंजीनियरिंग / प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में तकनीकी और परामर्श सेवा।

ए. उद्योगों, सरकारी विभागों और सेवा संगठनों के लिए आवश्यकता पर आधारित मानव संसाधन विकास कार्यक्रम और परियोजनाएँ।

4.0 संकाय विकास कार्यक्रम

इंजिनीयरिंग कालेजों तथा पॉलिटेकनीक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम ही संस्थान का प्रमुख कार्यक्षेत्र है। इसे ध्यान में रखते हुए संस्थान में शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों तथा विदेशी शिक्षकों के लिए उनके अपने खास कार्यक्षेत्र में प्रवीणता हासिल करने योग्य विविध अल्पावधि व दीर्घावधि कार्यक्रमों की योजना बनाई गई और संचालन किया गया।



4.1 दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम:

अ) डाक्टर की उपाधि संबंधी अनुसंधान कार्यक्रम:

संस्था ने शिक्षा अनुसंधान कार्यक्रम के विकास के लिए अपना प्रबल प्रयास जारी रखा और साथ ही इंजीनियरी शिक्षा (अंत: शास्त्रीय) क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य करने के लिए उद्योगों और अन्य शिक्षा क्षेत्रों के तकनीकी शिक्षकों और कार्मिकों को प्रोत्साहित किया। इस संस्थान को मद्रास विश्वविद्यालय और अण्णा यूनिवर्सिटी, चेन्नई ने मान्यता प्राप्त डॉक्टरल अनुसंधान केंद्र माना है।

इस वर्ष के दौरान मद्रास विश्वविद्यालय की इंजीनियरी शिक्षा (अंत: शास्त्रीय) के क्षेत्र में पी एच डी के लिए ४ छात्रों ने पंजीकृत किया है। आज तक कुल ५४ छात्र संस्था के पी एच डी कार्यक्रम में पंजीकृत हुए हैं।

निम्नलिखित पाँच अनुसंधान विद्वानों को इस वर्ष के दौरान मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा इंजीनियरिंग शिक्षा में पी एच डी की उपाधि प्रदान की गई।

सारणी १ प्रदत्त पी हेच.डी. डिग्री के विवरण

क्रम. सं.	नाम और उम्मीदवार का संस्थागत संबंधन	शोध प्रबंध का शीर्षक	पर्यवेक्षक	डिग्री पाने की तिथि
१.	श्री एस. मुत्तुवेल्लयाप्पन उ म.प्र. टीवीएस. लाजिस्टिक्स सविसिस लि. २५ ए/२ सिडको इंडस्ट्रियल एस्टेट, अम्बत्तूर, चेन्नई	अंतराष्ट्रीय नियत कार्य के लिए प्रबंधकीय कार्मिकों की तैयारी में भारतीय विश्व व्यापी निगमों के सामने पेश आनेवाली हेचआरएम चुनौतियों पर अध्ययन	डॉ. वी. तणिकाचलम, भूतपूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, पत्राचार विभाग	०२.०६.२०११
२.	श्री सी.वी. सुरेश बाबु प्रिंसिपल सत्यसाई बी.एड कालेज आवड़ी, चेन्नई	इंजीनियरिंग कालेजों में कम्प्यूटर विज्ञान अधिगम में अभिनयात्मक अधिगम पर अध्ययन	डॉ. बी.जी. बर्की भूतपूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग	२३.०९.२०११
३.	श्री एम. वेंकट कामेश्वर- शर्मा रामको सिस्टम्स, चेन्नई	निष्पादन वर्धन के लिए संगठनों की बुद्धि सक्षमता पर अध्ययन	डॉ. बी. मुखोपाध्याय भूतपूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, शैक्षिक प्रबंधन और अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान	३१.१०.२०११
४.	श्री बी. कनगसुंदरम स.प्रोफेसर मोहम्मद सतक इंजी. कॉलेज, कीलकरै	यांत्रिक इंजीनियरिंग के इंजीनियरी आलेख के लिए अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी	डॉ. टी. ज्ञान संबंधन, ईडीपी प्रबंधक और कम्प्यूटर केंद्राध्यक्ष	१५.११.२०११
५.	श्री एम. पोन्नुस्वामी वाइस प्रिंसिपल एस.ए. इंजी. कॉलेज चेन्नई	इंजीनियरिंग संस्थानों में विभागाध्यक्षों का निष्पादन प्रबंधन	डॉ. वी. तणिकाचलम, भूतपूर्व प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, पत्राचार विभाग	२८.०३.२०१२

कुल ५२ छात्रों को पी.हेच डी उपाधि दी गई।

पी हेच.डी. प्रगति समीक्षा बैठकें:

प्रति छह महीने में एक बार पी हेच.डी. छात्रों की प्रगति की निगरानी करने के लिए समीक्षा बैठकों चलाने की प्रणाली वर्ष २००९ को प्रारंभ की गई। इस पहल का उद्देश्य निर्माणात्मक मूल्यांकन और रचनात्मक, प्रतिपुष्टि के जरिए अनुसंधान कार्य की गुणता बढ़ाना है। वर्ष के दौरान पुनरीक्षण समिति ने दि.१८-२७, अप्रैल २०११ को चौथी प्रगति पुनरीक्षण बैठकों का आयोजन किया। कुल ४९ शोध छात्रों को शोध पत्र प्रस्तुत किया। पाँचवी प्रगति पुनरीक्षण बैठेकें दि.१८-२९, अक्तूबर २०११ को बुलाई। कुल ४७ छात्रों ने अपना कार्य समीक्षा समिति के सामने प्रस्तुत किया और उपयोगी प्रतिपुष्टि और सुझाव प्राप्त किए। समिति ने पुन: प्रगति समीक्षा बैठक १३ दिसंबर २०११ को पाँच शोध छात्रों के लिए का आयोजन किया।

आ) एम. टेक (मा सं वि) कार्यक्रम:

यह कार्यक्रम चार सत्रों में चलाए जाते हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य है तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सक्षम संसाधन विकास कर्ताओं को उत्पन्न करना।

प्रबंधन, संगठनात्मक व्यवहार और निष्पादन, औद्योगिक समाज विज्ञान, उद्योग में मनो विज्ञान, मा.सं.वि. में अनुसंधान प्रणाली विज्ञान, मा.सं.वि. में कम्प्यूटर अनुप्रयोग और सूचना प्रोद्योगिकी, संगठनात्मक विकास, रूपांतरण तथा री-इंजिनीयरिंग, मानव संसाधन विकास, सामरिक मानव संसाधन विकास, अभिकल्पन तथा प्रबंध मानव संसाधन पद्धति, संस्थागत मूल्यांकन तथा विकास तथा मा.सं.वि. के लिए पाठ्यक्रम वार विकास आदि इस कार्यक्रम के अंतर्गत आते हैं।

इस वर्ष सातवें बैच के ४ छात्रों ने इस वर्ष के दौरान पढाई जारी रखी। अब तक कुल ८० अभ्यर्थियों ने इस कार्यक्रम को सात बैचों में सफलता पूर्वक पूरा किया है।

इ) समुद्रपार प्रशिक्षार्थी पाठ्यक्रम:

वर्ष २०११-१२ के दौरान संस्थान ने आई टी ई सी कार्यक्रम और उसका उप निगमन स्काप (विशेष राष्ट्र मंडल अफ्रीका सहायता कार्यक्रम) के तहत समुद्रपार प्रतिभागियों के लिए आठ प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। एशिया, पूर्व यूरोप (पूर्व यू.एस.एस.आर. सहित), पध्य एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका, करीबियन, पैसफिक और छोटे द्वीप देशों में १५८ देशों से असैनिक व्यक्तियों के प्रशिक्षण के लिए इसको भारत सरकार से पूरी निधि प्राप्त है। पिछले ३० वर्षों से आई टी ई सी के अधीन विभिन्न कार्यकलापों के परिणामस्वरूप अन्य देशों में रा त शि प्र अ सं., चेन्नई द्वारा प्रदत्त सेवा और सक्षमता के बारे में अधिक दृश्यता और बढ़ती अभिज्ञा उत्पन्न हो गई है। इन वर्षों में विदेश

मंत्रालय के तकनीकी और आर्थिक सहायता ने विकासशील देशों में सर्वाधिक सद्भावना और यथेष्ट सहयोग उत्पन्न किया है। अंतरर्राष्ट्रीय कार्य केंद्र विषय समन्वयकों के साथ कार्यक्रम का समन्वय करता है।

सारणी २: २०११-१२ के दौरान अष्ट सप्ताही ओ टी सी कार्यक्रम

पाठ्यक्रम	समन्वयक
पाठ्यचर्या अभिकल्पन और अनुदेशात्मक सामग्री विकास	डॉ. एस. धनपाल
जल गुणवत्ता विश्लेषण: प्रयोगशाला विधि	डॉ. एस. मोहन तथा डॉ. जी. जनार्दनन
राष्ट्रीय संवृद्धि पूरा करने के लिए तकनीकी शिक्षा का विकास करना	डॉ. जी. कुलन्दैवेल तथा डॉ. जी. जनार्दनन
आधुनिक पुस्तकालय पद्धति	डॉ. आर. रविचंद्रन
शैक्षिक वीडियो रचना	डॉ. ई.एस.एम. सुरेश
संधारणीय विकास और पर्यावरणीय प्रबंधन	डॉ. एस. मोहन तथा डॉ. जी. जनार्दनन
तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से महिला सशक्तीकरण	डॉ. एस. रेणुकादेवी
मानव संसाधन विकास	डॉ. एस. रेणुकादेवी

सारणी ३: राष्ट्र द्वारा नामांकन: २०११-१२

देश	नामांकित प्रतिभागियों की संख्या	देश	नामांकित प्रतिभागियों की संख्या	देश	नामांकित प्रतिभागियों की संख्या
अफ़्गानिस्तान	७	नाइजीरिया	३	भूटान	३
म्यान्मार	८	जिम्बाब्वे	८	ईजीप्ट	१
सूडान	९	बेलारूस	१	ईथोपिया	२
उज्बेकिस्तान	३	कोटे द आइवरी	४	फिजी गणराज्य	२
मॉरीशस	६	लबेनान	१	इण्डोनेशिया	१
नांबिया	२	मेडागास्कर	१	लाओस	३
तंजानिया	२	श्रीलंका	८	नेपाल	२
घाना	३	यमन	४	वियतनाम	३
कम्बोडिया	६	बोत्सवाना	२	कांगो प्रजातांत्रिक गणराज्य	१
युगाण्डा	४	बंर्किन फासो	४	ग्वाटेमाला	१
ज़ाम्बिया	५	चिली	१	जोर्डन	२
बांग्लादेश	२	फिलिस्तान	२	जार्जिया	१
सीरिया	२	बुलगारिया	१	गिनी	१
केन्या	३	चाड	१	ओमान	२
लेसोथो	२	कोलम्बिया	१	गाम्बिया	१
				कुल उम्मीदवार	**१३२**

i. "पाठ्यचर्या आयोजन और अनुदेशात्मक सामग्री विकास" पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है पाठ्यचर्या अभिकल्प के लिए आवश्यक क्षमता विकसित करना और समुचित अनुदेशात्मक सामग्री का विकास करना। इस पाठ्यक्रम के ३०वें बैच का संचालन इस संस्थान के पाठ्यचर्या विकास केंद्र द्वारा ३ अगस्त से २७ सितंबर २०११ तक किया गया। आठ देशों से चौदह उम्मीदवारों ने कार्यक्रम में भाग लिया - यथा - अफगानिस्तान, घाना, मॉरीशस, म्यांमार, नाम्बिया, सूडान, तंजानिया, और उज्बेकिस्तान। अब तक (३० बैच सहित) कुल ५४३ समुद्रपार शिक्षक इस पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षित हुए।

ओ टी सी कार्यक्रम - २०११-१२

ii. "जल गुणवत्ता विश्लेषण: प्रयोगशाला विधि" पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है उन्नत निगरानी, अच्छी प्रयोगशाला अभ्यास तकनीक, प्रभावी प्रयोग और विधिक प्रवर्तन और संस्थागत व्यवस्था के जरिए जल गुणवत्ता के क्षेत्र में अभिनव परिवर्तन और प्रभावनीय विकास प्रदान करना। इस पाठ्यक्रम का द्वितीय बैच संस्थान के पर्यावारण प्रबंधन केंद्र ३ अगस्त से २७ सितंबर २०१० तक चलाया गया। पाँच देशों के आठ प्रत्यशियों ने भाग लिया यथा - अफगानिस्तान, कम्बोड़िया, म्यन्मार, नाइजीरिया और जिम्बाब्वे। इस पाठ्यक्रम को १२ पाठ्यचर्या माड्यूल वाली तीन प्रमुख इकाइयों में संरचित किया गया। पूर्व स्थित संबंधित पाठ्यक्रमों में (पाठ्य और भाषण टिप्पणी आधारित) संयोजित भाषणों के साथ यह पाठ्यक्रम उचित मिश्रण है। प्रशिक्षण कार्यक्रम ने संसाधन विकास, प्रभाव और प्रबंधन के माध्यम से विषय का समन्वेषण किया।

जल गुणवत्ता विश्लेषण: प्रयोगशाला सत्र

iii. राष्ट्रीय संवृद्धि पूरा करने के लिए तकनीकी शिक्षा के विकास पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय कार्य केंद्र ने ५ अक्टूबर से १६ नवंबर २०११ तक प्रथम बैच का आयोजन किया। १२ देशों से सत्रह प्रतिभागियों ने भाग लिया यथा अफगानिस्तान, बेलारुस, बोत्स्वाना, कोटे द आइवरी, लेबनान, मेडगास्कर, मारीशस, म्यांमार, नाम्बिया, श्रीलंका, सूडान और यमन। इस कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र बिंदु कौशल कामगारों से लेकर इंजीनियरों / प्रोद्योगिकों / प्रबंधकों तक विकासशील उद्योगों की मानव संसाधन आवश्यकतों का मूल्यांकन करना था। सार्वजनिक निजी प्रतिभाग के माध्यम से तकनीकी शिक्षा संस्थानो के गठन के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विकास पर परिणाम केंद्रित रहा।

डी टी ई एन जी पाठ्यक्रम समापन समारोह

iv. आधुनिक पुस्तकालय पद्धति पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस पाठ्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सू प्रो. आधारित ई एक्सस की सुविधा प्रदान करने के लिए सक्षमता का विकास करना यथा पुस्तकालय प्रक्रिया को मार्ग दिखाना, उप योगकर्ताओं में पढ़ने की अभिरुचि को प्रोत्साहित करना और बढ़ाना - संग्रह, सेवाएँ और सुविधाएँ संचालित और विकसित करना। इस पाठ्यक्रम का संचालन इस संस्थान के संसाधन केंद्र द्वारा १३ अक्तूबर से ७ दिसंबर २०११ तक किया गया। १६ देशों से बाईस प्रतिभागी इस पाठ्यक्रम में उपस्थित रहे यथा भूटान, मिस्र, ईथोपिया, घाना, इंडोनेशिया, लाओस, मॉरीशस, म्यांमार, नेपाल, फिजी गणतंत्र, श्रीलंका, सूडान, युगाण्डा, वियतनाम, जाम्बिया और जिम्बाब्वे।

आधुनिक प्रयोगशाला अभ्यास - पाठ्यक्रम प्रतिभागी

v. "शैक्षिक वीडियो रचना" पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है प्रतिभागी अपने विषयों पर वीडियो फिल्म स्वयं बना सके। इस पाठ्यक्रम का पाँचवाँ बैच १३ अक्टूबर से ७ दिसंबर २०११ तक शैक्षिक मीडिया केंद्र द्वारा चलाया गया। १० देशों से चौदह प्रतिभागियों ने भाग लिया - यथा बांग्लादेश, बार्किना फासो, चिली, मोरीशस, नाइजीरिया, फिलिस्तीन, फिजी गणतंत्र, सूडान, यमन और जिम्बाब्वे। अब तक (पाँचवाँ बैच सहित) कुल ४३ समुद्रपार शिक्षक इस पाठ्यक्रम द्वारा प्रशिक्षित हुए।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक वीडियो रचना

vi. "संधारणीय विकास और पर्यावरणीय प्रबंधन" पर उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सकरात्मक समाजगत सूचना और संधारणीय भविष्य के लिए अपेक्षित मूल्यों, व्यवहारों और जीवन शैलियों को मन में बैठाना है।

योग्यता प्रदायक लक्ष्य हैं:

अ. संघारणीय पर्यावरणीय विकास और सामाजिक आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याओं को समझने के लिए विधियों और अभिगमों का बोध उत्पन्न करना।

आ. पर्यावरण पर विकासात्मक परियोजना के प्रभाव के मूल्यांकन की विधि प्रदान करना और उचित सुधारात्मक उपाय सुझाना।

इ. संघारणीय विकास के लिए शिक्षा में शिक्षण और अधिगम की वर्धित गुणवत्ता को बढ़ावा देना।

गाँव प्रस्थान, निवास और अन्योन्य क्रिया

इस पाठ्यक्रम का द्वितीय बैच पर्यावरण प्रबंधन केंद्र ने १८ जनवरी से १५ मार्च २०१२ तक संचालन किया।

तुववकुडि काफी अनुसंधान केंद्र को प्रस्थान

१३ देशों के पच्चीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। यथा बोत्सवाना, कम्बोडिया, कांगो प्रजातात्रिक गणराज्य ग्वाटेमाला, जोर्डन, केन्या, लेसोथो, श्रीलंका, सूडान, सिरिया, तंजानिया, वियतनाम और जाम्बिया। भारत में कार्यान्वयित

संधारणीयता पद्धतियों के बारे में ग्रामवासियों के साथ रहना और उनसे बातचीत करना पाठ्यक्रम का मुख्यांश था। कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में प्रतिभागियों को विस्तृत परिचय मिला। अब तक (दूसरा बैच सहित),इस पाठ्यक्रम के द्वारा संस्थान ने ४४ समुद्रपार शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया है।

vii. "मानव संसाधन विकास" में उच्च स्तरीय प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

विभिन्न सरकारी तथा उद्योगों के विभागों के संसाधन प्रबंधकों को प्रशिक्षण देना इस पाठ्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य है जिससे मा सं वि कार्यक्रमों तथा परियोजना का आयोजन तथा कार्यान्वयन हो सके। इसके पाँचवें बैच का समन्वयन इस संस्था के पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग द्वारा १८ जनवरी से १५ मार्च २०१२ तक किया गया। इस पाठ्यक्रम में २१ अभ्यर्थियों ने १८ देशों से यथा भूटान, बुलगारिया, बर्किना फासो, चाड, कोलम्बिया, ईथोपिया, गाम्बिया, जार्जिया, गैनिया, कोटे द आइवरी , केन्या, लाओस, नेपाल, नाईजीरिया, ओमान, युगाण्डा, और जिम्बाब्वे भाग लिया। अबतक (पाँचवें बैच सहित) कुल ८८ समुद्रपार शिक्षक इस पाठ्यक्रम में संस्थान के द्वारा प्रशिक्षित हुए।

मा सं वि पाठ्यक्रम के प्रतिभागी

viii. "तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण" पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

यह कार्यक्रम स्त्रियों में सही रूप से अपने अपने देशों में स्त्री सशक्तिकरण बढ़ाने में सही रण नीति को अपनाने के लिए तथा अपने देश में इसी रण नीति का उपयोग करने के लिए बनाया गया। इसके पाँचवें बैच का संचालन इस संस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा १८ जनवरी - १५ मार्च २०१२ तक किया गया। इस पाठ्यक्रम में कुल ११ अभ्यर्थियों ने नो देशों से भाग लिया। यथा बार्किना फासो, कम्बोड़िया, घाना, लाओस, श्रीलंका, सूडान, युगयाण्डा, यमन, जिम्बाब्वे। अब तक (पाँचवें बैच सहित) कुल ५६ समुद्रपार शिक्षक इस पाठ्यक्रम में संस्थान के द्वारा प्रशिक्षित हुए।

डब्ल्यू ई टी वी सी पाठ्यक्रम के प्रतिभागी

समुद्रपार शिक्षक पाठ्यक्रम के मुख्य कार्यक्रम:

→ भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग योजना (ITEC) और विदेश मंत्रालय के विशेष राष्ट्रमंडल आफ्रिका सहायता कार्यक्रम (SCAPP) और भारत सरकार के वित्त मंत्रलाय की कोल्मबो योजना की तकनीकी निगम योजना (TCS) द्वारा ऊपर उल्लिखित आठ पाठ्यक्रमों के लिए प्रतिभागियों की प्रतिनियुक्ति की गई।

→ इस कार्यक्रम में ४५ देशों से कुल १३२ व्यक्तियों ने (शिक्षक व प्रशासकगण) इस कार्यक्रम में भाग लिया।

→ संगोष्ठियों व व्यक्तिगत परियोजनाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी व्यक्तिगत प्रस्तुती पेश की।

→ इस यात्रा के दौरान प्रतिभागी भारत की संस्कृति तथा परंपरा से परिचित हुए।

→ उनके द्वारा दी गई प्रतिपुष्टि में उन्होंने बताया है कि उनको जो प्रशिक्षण दिया गया वह अत्यंत प्रभावोत्पादक एवं लाभदायक रहा है।

→ भारत का संभार तंत्र तथा भारत में ठहरने में उनका अनुभव हर्षदायक रहा है।

→ उन्होंने आश्वासन दिया है, कि वापस जाने पर जो क्षमता उन्होंने अर्जित की है उसका स्वदेश में अपने काम में पूरा-पूरा उपयोग करेंगे।

4.2 अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम:

अ) पॉलिटेकनिक अध्यापकों के लिए अल्पावधि पाठ्यक्रम

इस संस्थान ने भारत सरकार की 'योजना गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम' (QIP) का कार्यान्वयन जारी रखा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यही है कि अपेक्षकृत कम समय में अधिक संख्या में एक से दो सप्ताहों के अंतर्गत लघुअवधि कर्मचारी विकास पाठ्यक्रम द्वारा अधिक संख्या में शिक्षकों की योग्यता बढाना। अध्यापकों और अन्य कर्मचारियों का ज्ञान बढ़ाने और अद्यतन प्रोद्योगिकी से परिचित कराने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक से दो सप्ताहों के अंतर्गत प्रशिक्षण - पुन: प्रशिक्षण के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का लगातार पुनरीक्षण, संशोधन, पुन: अभिकल्पन किया जाता है ताकि शिक्षिकों की सदा विकास शील एवं परिवर्ती आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

पाठ्यक्रम के प्रतिभागी

प्रत्येक दक्षिण राज्य के पॉलिटेकनिक के शिक्षकों की विशिष्ट प्रशिक्षण आवश्यकताओं को यथा अपेक्षित कार्यशालाओं के जरिए पहचाना गया। प्रत्येक राज्य एक के हिसाब से ऐसी चार कार्यशालएँ चलाई गई। इन पाठ्यक्रमों के विवरण, समयावधि, स्थान आदि का निर्णय कार्यक्रम विकास समिति बैठक में लिया गया जिसमें तकनीकी शिक्षा निदेशालय के प्रतिनिधियों तथा चयनित पालिटेकनीक्स के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया था। इस बैठक से यह सुनिश्चित किया गया कि ऐसे नियोजित अभिकल्पित और संचालित कार्यक्रम शिक्षकों की प्रशिक्षण आवश्यकता पूरा कर सके। ये कर्मचारी विकास पाठ्यक्रम संस्थान, उसके विस्तार केंद्रों तथा चयनित पालिटेकनिक्स में आयोजित किए गए। उद्योगों और आई आई टी जैसे प्रसिद्ध संस्था के विशेषज्ञों, सी एस आई आर प्रयोगशालाओं की प्रतिभागिता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभावात्मकता बढ़ाई की। अधिकतर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उद्योग केंद्रों में जाना एक अनिवार्य अंग रहा।

इस वर्ष निम्न विषयों से संबंधित पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया:

- इंजीनियरिंग और प्रोद्योगिकी में विषय वस्तु को अद्यतन बनाना
- अनुदेशात्मक अभिकल्पना और प्रस्तुति प्रणाली
- छात्रों के निष्पादन का मूल्यांकन
- विद्यार्थी सेवाएँ
- मल्टीमीडिया विकास
- पुस्तकालय स्वचलीकरण

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान इस क्षेत्र का निष्पादन बहुत प्रभावी रहा है। इसके अंतर्गत १३४ पाठ्यक्रम को चलाये गये तथा कुल **२४७१** अभ्यर्थियों ने पालिटेकनीक से भाग लिया जिनमें से (पुरुष : १७१८, स्त्री : ७५३) थे। इस प्रकार अब तक **३३८८ पाठ्यक्रमों** के माध्यम से **६१,७२० शिक्षक प्रशिक्षित** हुए हैं।



सारणी ४: पालिटेकनीक पाठ्यक्रमों में नामांकन: २०११-१२

क्रम. सं.	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
रा त शि प्र अ सं परिसर		
१	ई-विषय वस्तु विकास	०७
२	आटो कैट का उपयोग करते हुए इंजीनियरिंग	२४
३	विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक मापन	१९
४	भूगोलीय सूचना पद्धति और मान चित्रण	१९
५	जावा प्रोग्रामिंग	०६
६	शिक्षण के लिए मल्टी मीडिया	१९
७	कम्प्यूटर विज्ञान और संबंद्ध शाखाओं के शिक्षकों के लिए शैक्षिक वीडियो रचना कार्यशाला	०७
८	अनुदाशात्मक अभिकल्पना और सुपुर्दगी पद्धति	०९
९	उच्चतर विनिर्माण तकनीक	०७
१०	असैनिक एवं वास्तुकला शिक्षकों के लिए शैक्षिक वीडियो रचना कार्यशाला	१२
११	मृदुकौशल	२९
१२	वी हेच डी एल का उपयोग करते हुए अंकीय अभिकल्पना और एफ पी जी ए का उपयोग करते हुए कार्यान्वयन	१८
१३	विद्युत कैड	१४
१४	टोटल स्टेशन और जी पी एस का उपयोग करते हुए सवेक्षिण	२१
१५	इलेकट्रॉनिकस और संबंद्ध शाखाओं के लिए शैक्षिक वीड़ियो रचना	०९
१६	शिक्षण के लिए मल्टीमीडिया	१५
१७	लाइनक्स ओ एस और सर्वर ऐड्मिनिस्ट्रेशन	०९
१८	शैक्ति इलेक्ट्रानिक्स और चालन	२३
१९	वेब प्रोद्योगिकी	१०
२०	संप्रेषण कौशल	१०
२१	मार्गदर्शन और परामर्श	३२
२२	कम्प्यूटर नेटवर्किंग	२७
२३	अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत	१८
२४	शैक्षिक प्रबंधन	०६
२५	ई इंजीनियरिंग पर पुस्तकालय पुस्तिका के पुनरीक्षण और प्रमाणीकरण पर कार्यशाला	१७
२६	पर्यावरणीय इंजीनियरिंग प्रयोगशाला पद्धति	१३
२७	ई विषय वस्तु के लिए आरेख और ग्राफिक विकास	१४
२८	सी एन सी मशीन	१८
२९	सी प्रोग्रामिंग	२५
३०	पी एल सी और स्कडा	१८
३१	८०५१ माइक्रो नियंत्रक और अनुप्रयोग	११
३२	निर्माण सामग्रियाँ और तकनीक	१३
३३	यांत्रिक और संबंद्ध शाखा शिक्षकों के लिए शैक्षिक वीडियो रचना कार्यशाला	१५

क्रम. सं.	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
३४	अनुदेशात्मक अभिकल्पना और सुपुर्दगी पद्धति	११
३५	रिफ्रिजरेशन और वातानुकूलन	१०
३६	ए एस पी नेट	१४
३७	अंकीय और मोबाइल संप्रेषण	०९
३८	प्रश्न पत्र की तैयारी और छात्रों के निष्पादन का मूल्यांकन	२२
३९	टोटल स्टेशन और जी पी एस का उपयोग करते हुए सर्वेक्षण	२२
४०	मृदु कौशल	३०
४१	टैली (मूल)	१६
४२	पुस्तकालय रचचालन-खुला स्रोत साफ्टवेर	२५
४३	आधायित पद्धति	३०
४४	ऑरेकिल का उपयोग करते हुए आर डी बी एम एस	२२
४५	शैक्षिक प्रोद्योगिकी में विकसित प्रकृत्तियॉ	२२
४६	भा.मा. ८०० -२००७ के अनुसार श्स्पात संरचनाओं का सीमा स्थिति अभिकल्प	१६
४७	ई-विषयवस्तु के लिए मूल्योंकन मदों का विकास	०८
४८	मैटलेब प्रोग्रामिंग	३०
४९	संप्रेषण कौशल	१५
५०	सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग	१३
५१	कम्प्यूटर आश्रित अभिकल्प और विनिर्माण	११
५२	जैव चिकित्सकीय मापयंत्रण और टेलीमेडिसिन	१६
५३	वी.बी नेट	०७
५४	भू तकनीकी इंजीनियरिंग	०९
५५	ई-विषय वस्तु और अधिगम प्रबंधन पद्धति	११
५६	संरचनाओं के विश्लेषण और अभिकल्प में कम्प्यूटर अनुप्रयोग	१३
५७	अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी पद्धति	१२
५८	ऑर्काड-कैप्चर, सिमुलेशन और पीसीबी ले आउट	१८
५९	खुला दफ्तर	३३
६०	छात्र मूल्यांकन	१२
६१	आटोमोबाइल उद्योग में आधुनिक प्रवृत्तियाँ	१२
६२	औद्योगिक मापयंत्रण और अनुसंधान प्रणाली विज्ञान	०७
६३	इंजीनीयरिंग शिक्षा में अनुसंधान प्रणाली विज्ञान	१३
६४	इलेक्ट्रानिक्स में परियोजनाएँ	०७
६५	औद्योगिक स्वचलन के लिए रोबोटिक्स और मेकाट्रानिक्स	१०
६६	ऊर्जा प्रबंधन और संसाधन	१०
६७	ए आर एम नियंत्रक और आर टी ओ एस	०९
६८	एक्स एम एल और वेब सेवाएँ	०६
६९	कम्प्यूटर विज्ञान / आई टी शाखा शिक्षकों के लिए शैक्षिक वीडियो फिल्म निर्माण पर कार्यशाला	०७

क्रम. सं.	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
७०	मृदु कौशल	१७
७१	अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी पद्धति	४२
७२	टी वी ई टी संस्था का प्रत्यायन और प्रमाणीकरण	०९
७३	उच्च स्तरीय शक्ति इलेक्ट्रानिक्स	१९
७४	पाठ्यचर्या विकास - प्रणाली विज्ञान	१५
७५	मोबाइल कमप्यूटिंग	२१
७६	तापन संवातन और वातानुकूलन	२७
७७	पुस्तकालय स्वचालन - खुला संसाधन साफ्टवेर	२४
७८	हरित भवन संकल्पना और संधारणीय विकास	१२
७९	परियोजना प्रबंधन के लिए कम्प्यूटर अनुप्रयोग	१९
८०	विज्ञान और मानविकी के शिक्षकों के लिए शैक्षिक वीडियो रचना कार्यशाला	१४
८१	पी एल सी पर उच्चतर पाठ्यक्रम	११
८२	ओ ओ पी और ओ ओ ए डी के सिद्धांत	१४
८३	अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी प्रणाली	०९
८४	नानो प्रोद्योगिकी और अनुप्रयोग	२२
८५	ठोस कचरा प्रबंधन	१२
८६	डेटा संप्रेषण और कम्प्यूटर नेटवर्किंग	२७
८७	संरचनाओं की मरम्मत और पुनरुद्धार	२१
८८	अपारंपरिक मशीनन और अविनाशकारी परीक्षण	१५
८९	अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी प्रणाली	१३
९०	शक्ति प्रणाली में आधुनिक प्रवृत्तियाँ	१५
९१	मॉडलिंग और अनुप्राणन जिसमें उडी मैवस का उपयोग हो	२७
९२	वीडियो रचना के लिए आरेख और अनुश्राणन	१३
९३	ऊष्मीय शक्ति इंजीनियरिंग	२०
९४	शक्ति इलेक्ट्रानिक्स	१५
९५	डिजिटल कन्टेन्ट रिपोस्टरी के लिए डी एस पी ए सी ई	०९
९६	आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में कौशल पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यचर्या विकास पर कार्यशाला	११
९७	लैब व्यू प्रोग्रामिंग	२५
९८	संकाय का व्यावसायिक विकास	१४
९९	भूकंप प्रतिरोधी संरचनाओं का अभिकल्प	२१
१००	मेटलैब और लैब व्यू प्रोग्रामिंग	२०
१०१	कम्प्यूटर आश्रित विनिर्माण और माप पद्धति	२५
रा त शि प्र अ सं - विस्तार केन्द्र - बेंगलूरु		
१०२	इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग के लिए सी ए एस पी	१८
१०३	प्रवेश कार्यक्रम	२८
१०४	यांत्रिक इंजीनियरिंग / आटो मोबाइल के लिए सी र एस पी	२५

क्रम. सं.	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
१०५	भारतीय संविधान, संसद	३२
१०६	सिविल इंजीनियरिंग के लिए सी ए एस पी	२७
१०७	इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए सी ए एस पी	२५
१०८	प्रवेश कार्यक्रम	४२
१०९	भारतीय संविधान, संसद	३२
११०	भारतीय संविधान, संसद	२६
१११	भारतीय संविधान, संसद	३९
११२	अन्य प्रोद्योगिकी और वाणिज्यिक पद्धति	१७
रा त शि प्र अ सं - विस्तार केन्द्र - हैदराबाद		
११३	इंजीनियरिंग आरेख और कैड २डी	२८
११४	कम्प्यूटर यंत्र सामग्री और नेट वर्किंग	१५
११५	सॉलिड एड्ज एस टी५ से काम करना	२२
११६	अंतः स्थापित प्रणाली अभिकल्प	२१
११७	टोटल स्टेशन से क्षेत्र अभ्यास	२६
११८	कैम एक्सप्रेस ८.० का उपयोग करते हुए अभिकल्पन	२०
११९	संचार इंजीनियरिंग में प्रगति	१२
रा त शि प्र अ सं - विस्तार केन्द्र - कलमसेरी		
१२०	पर्यावरण विज्ञान (प्रथम बैच)	३२
१२१	स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा	४३
१२२	कंक्रीट प्रोद्योगिकी में प्रगति	२६
१२३	पर्यावरण विज्ञान (द्वितीय बैच)	३३
१२४	पर्यावरण विज्ञान (तृतीय बैच)	२९
१२५	कंक्रीट प्रोद्योगिकी और मिक्स डिजाइन	१६
१२६	पाइथान प्रोग्रामिगं	२२
१२७	पाइथान प्रोग्रामिगं	१८
१२८	पाइथान प्रोग्रामिगं	१४
१२९	पालिटेकनीक के लिए एन बी ए द्वारा प्रत्यायन पर कार्यशाला	४२
१३०	मृदु कौशल	२५
१३१	संकाय का व्यावसायिक विकास	१६
१३२	पर्यावरण विज्ञान	२६
१३३	इन्फार्मेटिक्स प्रणालियाँ	२६
१३४	सामान्य इंजीनियरिंग	१८
	कुल	**२४७१**

आ) इंजीनियरिंग कालेज कार्यक्रम

इस संस्था ने इंजिनीयरिंग कॉलेज के शिक्षकों के प्रशिक्षण द्वारा इंजीनीयरिंग कॉलेजों में शिक्षा की गुणवत्ता की वृद्धि के लिए अपने क्रिया कलापों को केंद्रित किया। इस योजना के अंतर्गत **२३** लघु अवधि पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कुल **९७६** प्रतिभागियों ने (पुरुष: ५२४, स्त्री: ४५२) भाग लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न प्रमुख क्षेत्रों पर कार्यक्रम चलाए गए:

- इंजिनीयरिंग तथा प्रोद्योगिकी में विषय वस्तु को आधुनिक बनाना
- अनुदेशात्मक अभिकल्प, प्रस्तुति तथा प्रणाली
- पेडगोगी (शिक्षा शास्त्र)
- मानव संसाधन विकास
- विद्यार्थी सेवाएँ
- संस्थागत विकास तथा शिक्षा प्रबंधन



इस प्रकार आज की तारीख तक पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान **५३१** पाठ्यक्रमों के माध्यम से **२०,८०४** शिक्षक प्रशिक्षित हुए।

सारणी ४: इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन: २०११-१२

क्रं.सं.	स्थान	प्रतिभागियों की संख्या
अनुदेशात्मक अभिकल्प और सुपुर्दगी प्रणाली (आई डी डी एस)		
१	श्री कविता इंजीनियरिंग कालेज, तिरुपति	५०
२	वेलम्माल इंजीनियरिंग कालेज, चेन्नई	३१
३	वेलम्माल इंजीनियरिंग कालेज, चेन्नई	२९
४	माइलम इंजीनियरिंग कालेज, तिंडिवनम	४५
५	वेलम्माल इंजीनियरिंग कालेज, चेन्नई	४१
६	वेलम्माल इंजीनियरिंग कालेज, चेन्नई	२७
७	सेइन्ट गिट्स कालेज आफ इंजीनियरिंग, कोट्टयम, केरल	४१
८	वेलम्माल इंजीनियरिंग कालेज, चेन्नई	३४
९	अण्णा यूनिवर्सिटी टेक्नोलोजी, मदुरै	३१
१०	अरसु इंजीनियरिंग कालेज	४४
११	चैतन्य भारती इन्स्टिटूट आफ टेक्नोलोजी, आ. प्र.	५०
१२	एस सी ए डी ग्रूप आफ इन्स्टिटूशन्स तिरुनेलवेली	५०
१३	जेम्स कालेज आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी, नागरकोइल	५६
१४	श्री विद्यानिकेतन इंजीनियरिंग कालेज, तिरुपति	५०
१५	के एम इ ए इंजीनियरिंग कालेज, केरल	५२
१६	आचार्य कालेज आफ इंजीनियरिंग, पुदुच्चेरी	२३
१७	अग्नि कालेज आफ इंजीनियरिंग, चेन्नई	४२
१८	डी एम आई कालेज आफ इंजीनियरिंग, चेन्नई	५०
१९	प्रिस्ट यूनिवर्सिटी, तंजावूर	५३
२०	एस आर एम यूनिवर्सिटी, वडपलनी	५२
२१	श्री अरविंदर कालेज आफ इंजीनियरिंग, विलुपुरम	४९
शिक्षण प्रणालीविज्ञान		
२२	बृंदावन इन्स्टिटूट आफ टेक्नोलोजी एण्ड साइन्स, कर्नूल, आ.प्र.	५१
टी वी ई टी संस्थान का प्रत्यायन और प्रसाणीकरण		
२३	रा त शि प्र अ सं., चेन्नई	२५

4.3 उद्योगों और अन्य संगठनों के लिए अल्पावधि पाठ्यक्रम

संस्था ने औद्योगिक क्षेत्र से अच्छा सहयोग कायम रखा है। उद्योग भी अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में संस्थान के अनुभव, निपुणता और संसाधन का लाभ उठा रहे हैं। वर्ष २०११-१२, के दौरान इस संस्था के पर्यावरण प्रबंधन केंद्र ने (सी ई एस) लोक निर्माण विभाग, तमिलनाडु सरकार और राजमार्ग विभाग, तिमलनाडु सरकार के लिए विशिष्ट

टी एन आर एस पी प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम

पाठ्यक्रम चलाए और ११७ पेशावरों को प्रशिक्षित किया। इस वर्ष में निम्न क्षेत्रों में पाठ्यक्रम चलाए गए:

१. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन
२. सिंचाई संरचनाओं का अभिकल्प
३. सिंचाई जल प्रबंधन में कम्प्यूटर का प्रभाव
४. नए भर्ती राजमार्ग विभाग के इंजीनियरों के लिए प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम

आज की तिथि तक पिछले बारह वर्षों में **११०** पाठ्यक्रमों के जरिए **२३६७** व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया गया।

4.4 समझौता ज्ञापन

२०११-१२ के दौरान संस्थान ने (रा त शि प्र अ सं.) कुछ संस्थानों से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जिनकी सूची निम्न प्रकार है।

अ) वेल्लूर इन्स्टिट्यूट आफ टेकनोलोजी, वेल्लूर - ६३२ ०१४
आ) श्री अरविंदर इंजीनियरिंग कालेज, सेदारपेट डाकघर, वानूर, विलुप्पुरम - ६०५ १११
इ) एवरॉन टेकनिकल एज्युकेशन इंडिया लि., पेरुंगुडी, चेन्नई - ६०० ०९६

4.5 संचालित अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय-संगोष्ठियाँ / कार्यशालाएँ

इस वर्ष के दौरान कुल बारह संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएँ चलाई गई। इंजीनियरिंग कालेजों, पॉलिटेकनिक कालेजों उद्योगों सरकारी विभागों और पेशेवरों में से १०९४ व्यक्तियों ने इनमें भाग लिया। प्रत्येक कार्यक्रम का विवरण नीचे दिया गया है:

अ) "वैश्विक स्थान निर्धारण प्रणालियाँ - सिद्धांत और प्रयोग" पर राष्ट्रीय कार्यशाला

राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शैक्षिक मीडिया केंद्र औश्र सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा २९ और ३० सितंबर २०११ को किया गया। कार्यशाला को व्यापक लक्ष्य i) जी पी एस के साधन का महत्व समझना, ii) जी पी एस का कार्य सिद्धांत स्पष्ट करना, iii) जी पी एस और डेटा प्रक्रम का उपयोग करते हुए सर्वेक्षण करना। तमिलनाडु, कर्नाटक, आँध्रप्रदेश, संघ राज्य क्षेत्र पुदुचेरी के विभिन्न इंजीनियरिंग कालजों, विश्वविद्यालयों, पॉलिटेकनीकों वृत्तिशील पेशोवरों ने संगोष्ठी में भाग लिया।

जी पी एस कार्यशाला - व्यावहारिक अभ्यास

आ) "वैश्विक इंजीनियरिंग पाठ्यचर्या में संघारणीय शिक्षा" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

पाठ्यचार्य विकास केंद्र (सी डी सी) और पर्यावरण प्रबंधन केंद्र (सी ई एम) ने पी एस एन ए इंजीनियरिंग और प्रोद्योगिकी कॉलेज, तिंडकल के सहयोग से १५ सितंबर २०११ को अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के व्यापक लक्ष्य से (अ) एशिया आफ्रिका, मध्यपूर्व और दक्षिण अमेरिका के विकास शील देशों में इंजीनियरिंग शिक्षा में पाठ्यचर्या का (संघारणीयता प्रापत करने के लिए) पुनरीक्षण करना, (आ) तकनीकी कार्यक्रम के उन क्षेत्रों का अभिज्ञान करना, जिसके संशोधन, सुधार और स्तरोद्धार की आवश्यकता है, (इ) विकासशील देशों में तकनीकी शिक्षा में समुचित अतिरिक्त पाठ्यक्रम का सृजन करने के लिए उपाय और साधन सुझाना और, (ई) विकासशील देशों में नव प्रवतनकारी पाठ्यचर्या और अनुदेशात्मक पैकेजों के आदान प्रदान के लिए संघारक सहलग्नता पैदा करना। २१ अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों और तमिलनाडु के विभिन्न इंजीनियरिंग कालेजों, विश्वविद्यालयों पालिटेकनीकों, उद्योगों और वृत्तिशील पेशावरों ने इस कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला में उद्घाटन भाषण

इ) "विकासशील देशों में तकनीकी शिक्षा की भूमिका" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (रा त शि प्र अ सं.) चेन्नई ने वेल्लूर इन्स्टिटूट आफ टेकनोलोजी, वेल्लूर के सहयोग से दि.१८ अक्टोबर २०११ को अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य केंद्र बिंदु या देश के उत्थान के लिए तकनीकी शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देना। जीविका के स्तर को ऊपर उठाने

वी आई टी वेल्लूर कें कार्यशाला के प्रतिभागी

के लिए विकासशील देशों में प्रोद्योगिकी और इंजीनियरिंग शिक्षा कैसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वी आई टी-यू एस ए उच्चतर अध्ययन संस्थान के उद्घाटन समारोह के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

ई) "सहस्त्राब्द विकास लक्ष्य की पूर्ति के लिए तकनीकी शिक्षा का विकास" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान (रा त शि प्र अ सं.), चेन्नई ने मुत्तायम्माल इंजीनियरिंग कालेज, राशिपुरम, नामक्कल जिला के सहयोग से ११ नवंबर २०११ को सहस्त्राब्द विकास लक्ष्य की पूर्ति के लिए तकनीकी शिक्षा के विकास पर अंतरष्ट्रिीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के लक्ष्य से (अ) वैश्विक समस्याओं और चुनौतियों के लिए इंजीनियरिंग और प्रोद्योगिकी समाधानों को प्रभावी ढंग से नव प्रवर्तित एवं लागू करना, (आ) नव प्रवर्तन के चालक के रूप में संघारणीय सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए इंजीनियरिंग की भूमिका समझना, (इ) ज्ञान और कौशल आधारित तकनीकी शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रों के क्षमता निर्माण में नव प्रवर्तित प्रणालियों के आदान प्रदान के लिए विकासशील देशों के बीच संघारणीय सहलग्नता उत्पन्न करना। इंजीनियरिंग कालेजों से ४८ प्रतिभागियों ने जिनमें अफ्गानिस्तान, बेलारुस, बोत्सवाना, कोटे द आइवरी लेबनान, मडगास्कर, मॉरीशस, म्यामार, नाम्बिया, सूडान, यमन आदि देश सम्मिलित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला के प्रतिभागियों को अध्यक्ष का संबोधन

कार्यशाला के प्रतिभागियों

उ) "इंजीनियरिंग शिक्षा में संसाधनों के विकास" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला

राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (रा त शि प्र अ सं.) चेन्नई ने श्री जययाम राजेन्द्र कालेज आफ इंजीनियरिंग, मैसूर के सहयोग से इंजनियरिंग शिक्षा में ई संसाधनों के विकास पर २८ नवंबर २०११ को अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस संगोष्ठी के उद्देश्य ये

(i) इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए शैक्षिक वीडियो फिल्म तैयार करना, (ii) पुस्तकालय प्रबंधन प्रणाली और डिजिटल पुस्तकालय के लिए ओपन सोर्स टूल्स और, (iii) अद्यतन प्रोद्योगिकी का उपयोग करते हुए विकस्ति शिक्षा चित्रों का प्रसारण। नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, मारीशस, यमन, फिजी द्वीपसमूह, चिली, फिलिस्तान, वर्किनो फासो, सूडान, बांग्लादेश आदि देशों से ४० विदेशी प्रतिभागियों सहित लगभग ८० प्रतिभागियों और राष्ट्रीय स्तर के ४० प्रतिभागियों ने विचार विमर्श में भाग लिया।

कार्यशाला में उद्घाटन आयोजन

ऊ) "क्लाउड कम्प्यूटिंग" पर राष्ट्रीय कार्यशाला

कम्प्यूटर केंद्र विभाग द्वारा ८ और ९ दिसंबर २०११ को कार्यशाला चलाई गई। कार्यशाला का लक्ष्य क्लाउड कम्प्यूटिंग में तकनीकी संकल्पनाओं, नूतन प्रवृत्तियों और अनुसंधान विषयों से परिचय कराना था। इंजीनियरिंग कालेजों और पॉलिटेकनीक कालेजों से २६ शिक्षकों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। डॉ.एस. मोहन, निदेशक, रा त शि प्र अ सं. चेन्नई अध्यक्षीय भाषण दिया। अण्णा विश्वविद्यालय सीडीएसी, एन आई सी, विप्रो, ऑरन्जस्केप जैसे, प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों ने स्रोत व्यक्तियों के रूप में काम किया। कार्यशाला के विषयों का खूब स्वागत हुआ और चूँकि अधिकतर प्रतिभागियों के लिए यह आँखें खोलनेवाली बात भी सबने इसकी प्रशंसा की। क्लाउड सुरक्षा में अनुसंधान विषय और चुनौतियॉ काफी उपभोगी थे और उनकी खूब प्रशंसा हुई।

ऋ) "टी वी ई टी संस्थानों का प्रत्यायन और प्रमाणीकरण" पर अंतर्देशीय कार्यक्रम:

संस्थान ने कोलम्बो प्लान स्टाफ कालेज (सी पी एस सी) के सहयोग से ९ से १३ जनवरी २०१२ तक टी वी ई टी संस्थानों का प्रत्यायन और प्रमाणीकरण पर हमारे संस्थान में तकनीशियन शिक्षा, मनीला,

फिलिपाइन्स के लिए अंतर्देशीय कार्यक्रम चलाया। कुल ३४ प्रतिभागियों ने जो इंजीनियरिंग कालेजों, पालिटेकनीक कालेजों, एनआईटी, मानित विश्व विद्यालयों (से आ ए शिक्षक) हमारे संस्थान के संकाय

थे, कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रीय अभिकरणों जैसे एन बी ए और एन ए एसी और एपी एसी सी और ए बी ई टी जैसे अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रमों और संस्थानों के लिए मापदंडों, प्राचलों और प्रक्रमों को समझने में कार्यक्रम ने सहायता की। डॉ. एस. मोहन, निदेशक, सी जी एस सी, मनलीा। फिलपीन्स, प्रो. टी.जे टेसोरो गयोन्डटो, संकाय सदस्य सी पी एस मनीला, प्रो. राजेश पी.खंबायत, अध्यक्ष, प्रशिक्षण और विकास प्रभाग, सी पी एस सी, मनीला, डॉ. आर. मुरुगेशन, उप कुल सचिव, अण्णा यूनिवर्सिटी आफ टेकनोलोजी, मदुरै, डॉ.सी. मुत्तमिलसेल्वन, निदेशक (इंजीनियरिंग और टेकनोलोजी) एस आर एम यूनिवर्सिटी, चेन्नई, प्रो.बी. नंदगोपाल, प्रिसिंपाल, मुरुगप्पा पालिटेकनीक कालेज, चेन्नई, डॉ. डी बृहदीश्वरन, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, योजना और शैक्षिक अनुसंधान, रा त शि प्र अ सं. चेन्नई और डॉ.जी.कुलन्दैवेल, सह प्रोफेसर इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग और प्रभारी प्रधान अंतर्राष्ट्रीय कार्य रा त शि प्र अ सं., चेन्नई ने कार्यक्रम के लिए स्रोत व्यक्तियों के रूप में काम किया।

ए) "प्रत्यायत द्वारा तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढाना" पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

संस्थान द्वारा तकनीशियन शिक्षा के लिए कोलम्बो प्लान स्टाफ कालेज (सी पी एस सी) मनीला फिलिपीन्स के सहयोग से १२ जनवरी २०१२ को प्रत्यायन द्वारा तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी चलाई गई। कुल ९५ प्रतिभागियों ने जिनमें तकनीकी विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेजों,

पालिटेकनीकों के अध्यक्ष/सचिव/ संपर्की/निदेशक/डीन/प्रिंसिपल, वरिष्ठ शिक्षक और रा त शि प्र अ सं., चेन्नई के संकाय और अनुसंधान कर्ता शामिल है, संगोष्ठी में भाग लिया। प्रो. आनंदकृष्णन, अध्यक्ष, आई आई टी, कानपुर ने संगोष्ठी का उद्घाटन किया। डॉ. एस.आर.के. प्रसाद, अध्यक्ष, शासक मंडल, रा त शि प्र अ सं. चेन्नई, समारोह का अध्यक्षासन ग्रहण किया। श्री बी.एस. पोन्मुडीराज, सहायक

सलाहकर, एन ए एसी, बंगलूरु, डॉ. ज़ेड़ सी अलेक्स, प्रत्यायन और अकादमी विभाग के निदेशक, वी आई टी विश्वविद्यालय, वेल्लूर, डॉ.के.ए. भास्करन, भूतपूर्व प्रोफेसर, आई आई टी मद्रास, डॉ. मोहम्मद नाइम याकूब, महा निदेशक सी पी एस सी, मनीला, प्रो. सी जे टेसोरो गऐन्डेटो, संसद सदस्य, सी पी एस सी मनीला, और डॉ. ए.कलानिधि, भूतपूर्व उप कुल सचिव, सी-स्टार, चेन्नई ने संगोष्ठी के लिए स्रोत व्यक्तियों के रूप में काम किया।

